विधायक कृष्णा पूनिया ने गांव गुलपुरा में डॉ. अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया

गांव गुलपुरा में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण करती सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया व कार्यकर्तागण एवं ग्रामीणजन।

सादुलपुर, (निसं)। लोकप्रिय विधायक पद्मश्री डॉ. कृष्णा पूनिया ने 'अंबेडकर जयंती' के अवसर पर गाँव गुलपुरा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति का अनावरण किया। इस दौरान विधायक कृष्णा पूनिया ने भी माला पहनाकर श्रद्धासुमन अर्पित किये। द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच वीरेंद्र पूनिया ने भी दलित आइकन और संविधान के जनक डॉ. बीआर अंबेडकर की 132वीं जयंती के अवसर पर नमन कर पुष्प अर्पित किये। वहीं इससे पूर्व राजगढ अंबेडकर सर्किल पर भी विधायक डॉ. कृष्णा पुनिया ने डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति का अनावरण किया।

विधायक कृष्णा पूनिया ने कहा कि मैं संविधान के निर्माता, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।' उन्होंने कहा, 'आइए इस अवसर पर, हम डॉ. अंबेडकर के आदर्शों और जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लें और एक समतामूलक और समृद्ध राष्ट्र और समाज बनाने के लिए आगे बढते रहें। इस दौरान विधायक कृष्णा पूनिया के विकास कार्यों से प्रभावित होकर रणजीत पुत्र मालू राम सुडा गुलपूरा, हरदेवा राम पुत्र रणजीत सुडा गुलपुरा, धर्मवीर नायक गाँव लुदीखूबा, अमरसिंह रतेवाल सिद्धमुख ने बसपा छोड कांग्रेस पार्टी ज्वाइंन की एवं मांगेराम सुडा ने बीजेपी छोड कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की।

इस दौरान विधायक कृष्णा पूनिया ने 4 साल में जो विकास कार्य करवाए उनके बारे में विस्तार से बताया जिसमे अंतराष्ट्रीय खेल स्टेडियम, राजकीय कॉलेज, उप जिला अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, ऑक्सिजन प्लांट, कृषि महाविद्यालय, कब्बडी एकेडमी, घर-घर पानी कनेक्शन, सिद्धमुख को तहसील और सिद्धमुख को पंचायत समिति, हमीरवास को उप तहसील आदि विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। आगे उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी मिलती है कि जनता ने जिस कार्य के लिए उन पर विश्वास जताया था वह इलाके में करवाकर उस पर खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। हर गाँव खुशहाल हो व वहां हर सुविधा मुहैया करवाई जाए, इसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं व करते रहेंगे। और अंत में विधायक कृष्णा पूनिया ने कहा कि ज्यादातर विकास कार्य मुख्यमंत्री ने बजट में कर दिये, अब मेरा एक सपना बचा हैं वो सादुलपुर विधानसभा में सिंचाई के लिए नहर लेकर आऊं।

- विधि प्रकोष्ठ जिला कार्यालय में मनाई बाबा साहेब की जयंती

गढ़वाल का अभिनन्दन किया

चूरू, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के आवास पर होलसेल भण्डार के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहनलाल गढ़वाल एवं उपाध्यक्ष राकेश औझा का माला पहनाकर अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने अभिनन्दन करते हुए कहा कि मोहनलाल गढ़वाल की कुशल प्रशासक के रूप में पहचान है। इनका पिछला कार्यकाल शानदार रहा। गढ़वाल बहुत ही मिलनसार और प्रशासनिक कार्यों में कुशल व्यक्तित्व के धनी हैं। विधानसभा संयोजक पदम सिंह राठौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, पूर्व सभापति विजय शर्मा, प्रधान दीप चन्द राहड़, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी, भाजपा नेता विक्रम कोटवाद, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, हेम सिंह शेखावत, नरेंद्र कवल, लघु उद्योग प्रकोष्ठ के दौलत तंवर, वरिष्ठ नेता नोरंग वर्मा, उप जिला प्रमुख महेंद्र न्योल, नेता प्रतिपक्ष विमला, नारायण, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अख्तर खान, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष अजीत, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रभा, जिला आईटी सह संयोजक सुरेश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंबेडकर पार्क में मंत्री ओला व गुढ़ा ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी

समारोह में मंच पर उपस्थित मंत्री बृजेंद्र सिंह ओला (बीच में) एवं मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा व अन्य।

झुंझुनूं, (निसं)। डॉ. बीआर अंबेडकर की 132वीं जयंती समारोह अंबेडकर पार्क झुंझुनूं में अंबेडकर स्मृति संस्थान द्वारा धूमधाम से मनाई गई। सभी अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह के मुख्य अतिथि बृजेंद्र सिंह ओला परिवहन मंत्री ने बताया कि डॉ. अंबेडकर ने सबसे बड़ा काम सभी को एक वोट का अधिकार देकर समानता प्रदान की। उन्होंने ई लाइब्रेरी देने के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। जिससे समाज में शिक्षा की अलख जगाई जा सके।

राजस्थान सरकार के सैनिक कल्याण मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए समाज में गैर बराबरी को दूर करने का आ ान किया। जिला कलेक्टर लक्ष्मण सिंह कुडी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ज्ञान के भंडार थे। वे विधिवेता के साथ-साथ अर्थशास्त्री भी थे। पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके साहित्य को रोज पढ़ने एवं उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी। समारोह में नजमा बानो सभापति ने पार्क विकास के लिए हर संभव मदद की बात कही और अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह में महेंद्र सिंह झाझड़िया, तैयब अली, विमला बेनीवाल, जेपी गौड एडीएम विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह की अध्यक्षता चंद्रनाथ धाम के महंत ने की।

समारोह को मालीराम वर्मा व रामनिवास भूरिया ने संबोधित किया। संस्थान के अध्यक्ष मांगीलाल मंगल ने अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान के महामंत्री फूलचंद बर्बर ने संचालन किया। कार्यक्रम में ओंकारमल, सुरेश चोपड़ा, सुरेश आबूसरिया, मधु, महेश जसरापुर, ओमप्रकाश, इंद्राज सिंह, छगन, मनीष धानिया, अमरपाल, देवकरण, महेश जीनगर, दिलीप डिगवाल, जीएल, नानूराम, डॉ. संतकुमार, मोतीलाल, रामप्रसाद आल्हा, शंकरलाल, संतोष, दुर्गा सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जेल में बही अमृत वचनों की धारा

चूरू, (कासं)। जिला कारागृह में संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। इस मौके पर संत रामपाल महाराज ने सभी धर्मों के शास्त्रों से रूबरू कराते हुए सतज्ञान से अवगत करवाया। उन्होंने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध की दुनिया से बाहर निकलकर एक सादगी भरा जीवन जीने का प्रयास करें। आपराधिक गतिविधि मनुष्य के विनाश का कारण है। संत ने कहा कि जीव मात्र एक परमपिता परमात्मा की संतान है, वह चाहे किसी भी जाति, धर्म और मजहब से क्यों ना हो। आज के दौर में जाति व मजहब के नाम पर मनुष्य-मनुष्य में भिन्नता मानव समाज के सामने चुनौती बनी हुई है। जिला सेवादार सहीराम सारण ने बताया कि संत रामपाल महाराज शास्त्र अनुकूल भक्ति बताते हैं और सत्संग के माध्यम से मनुष्य के भीतर समाये हुए बुरे विचार मिटाकर नए समाज का निर्माण कर व करवा रहे हैं। इस दौरान रामचंद्र पोद्दार, रामू राम कड़वासरा, राजपाल कस्वां, बनवारी प्रजापत व सुमित्रा बुडानिया आदि मौजूद रहे।

संजय महला संघ लोक सेवा आयोग के अधिवक्ता नियुक्त

एडवोकेट संजय महला

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट संजय महला को भारत सरकार के महत्वपूर्ण संवैधानिक निकाय संघ लोक सेवा आयोग ने उनके विशेष अनुभव को देखते हुए राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर में तीन वर्ष के लिए अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है।

- राजस्थान हाई कोर्ट में हैं सीनियर एडवोकेट, सीबीआई के स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर भी रह चुके हैं

महला इससे पूर्व में भी आयोग के अधिवक्ता रह चुके है। गौरतलब है कि अधिवक्ता संजय महला पूर्व में भारत सरकार की महत्वपूर्ण शीर्ष जांच एजेंसी सीबीआई की विशेष अदालत के स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर रह चुके हैं तथा कई हाई प्रोफाइल मामलों में सीबीआई की ओर से पैरवी कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। इसके अलावा भारत सरकार व राजस्थान सरकार के कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिवक्ता भी रहे हैं। हाल ही में उन्हें एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भी अपना अधिवक्ता नियुक्त कर जिम्मेदारी दी है। उनकी इस नई नियुक्ति पर शिक्षाविदों, प्रशासनिक व राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने शुभकामनाएं दी। महला मूल रूप से झुंझुनूं जिले के गांव खाजपुर नया के रहने वाले हैं एवं हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं।

डॉ. शेखावत इन्टरनेशनल अवार्ड से नवाजे गये

- प्रयागराज में आयोजित हुआ सम्मान कार्यक्रम

चूरू, (कासं)। प्रयागराज में होम्यो फ्रेन्डस गोरखपुर के तत्त्वावधान में सम्पन्न नेशनल होम्योपैथिक कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड शेरेमनी में होम्योपैथी यूनिवर्सिटी जयपुर के संस्थापक चेयरपर्सन एवं विश्व में होम्योपैथी की उच्च शिक्षा के पुरोधा अंतर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व डॉ. गिरेन्द्रपाल की स्मृति में प्रथम प्रतिष्ठित डॉ. गिरेन्द्रपाल मेमोरियल इन्टरनेशनल अवार्ड 2023 देश-विदेश की होम्योपैथी की हस्तियों की उपस्थिति में होम्योपैथी यूनिवर्सिटी जयपुर के संरक्षक एवं सलाहकार अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत को उनके द्वारा किये गये होम्योपैथी के प्रचा-प्रसार, चिकित्सा, शिक्षा, रिसर्च एवं समाज सेवाओं के उपलक्ष में शॉल, श्रीफल, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अवार्ड शिरमनी समारोह के मुख्य अतिथि इलाहबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव तथा कमिश्नर कविराज प्रताप मल की अध्यक्षता में कॉन्फ्रेंस का उदघाटन डॉ हैनीमन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर डॉ. अमरसिंह शेखावत ने किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व में देश-विदेशों में अनेक नेशनल एवं इन्टरनेशनल अवार्ड सरकारी तथा निजी संस्थाओं द्वारा डॉ. शेखावत को प्रदान कर सम्मानित किया जा चुका है। अवार्ड शिरेमनी में डॉ. अमरसिंह शेखावत के अतिरिक्त लखनऊ के प्रतिष्ठित होम्योपैथ डॉ. गिरीश गुप्ता को इन्टरनेशनल एवं अन्य देश-विदेशों के 11 वरिष्ठ होम्योपैथ्स को विभिन्न नेशनल अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बाबा अंबेडकर जयंती मनाई

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान विद्युत तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन के जिला महामंत्री आशीष पचार ने प्रेस विज्ञिप्त जारी कर बताया कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती कनिष्ठ अभियंता कार्यालय रिको में उपखंड अध्यक्ष अरविंद मीणा की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री आशीष पचार ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनकी संघर्ष भरे जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उपखंड महामंत्री विजय महला ने कहा कि बाबा साहब के जीवन से सभी को प्रेरणा लेने चाहिए। उपखंड अध्यक्ष अरविंद मीणा ने संविधान कि महत्वपूर्णता और उसके निर्माण में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला महामंत्री आशीष पचार, उपखंड अध्यक्ष अरविंद मीणा, उपखंड महामंत्री विजय महला, कोषाध्यक्ष अनिल रेप्सवाल, प्रचार मंत्री विकास मोटसरा, राजकुमार, सीताराम योगी, सुभाष योगी, राकेश मीणा, शीशराम सैनी, विजयपाल, धर्मवीर यादव, अशोक धनखड़, गोपाल आदि मौजूद थे।

शिक्षक संघ अम्बेडकर ने बाबा साहेब की जयंती धूमधाम से मनाई

कस्बे के अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाते राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ के कार्यकारिणी सदस्य।

सादुलपुर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा राजगढ द्वारा अम्बेडकर सर्किल पर बाबा साहब डॉ.म्भीमराव अम्बेडकर की 123वी जयंती धूमधाम के साथ मनाई। जिसमें रामकुमार धानिया,चन्द्रभान गोठवाल, प्रवीण मेघवंशी, रघुवीर बाडेटिया, जयवीर सिंघल, सीताराम सिंघल, उम्मेद सुनिया, ब्रम्हानंद मेहरा, गजेन्द्र बौद्ध, धर्मपाल शिला, सुरेश सूडा, राजकुमार चौहान, अजय सिंह, सुरेंद्र सिंह बौद्ध, मनीराम रंगा, सुभाष बागोत, जयसिंह शिला, सहीराम मेहरा सहित काफी संख्या में शिक्षकों के साथ अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

इस अवसर पर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया ने गजेन्द्र बौद्ध के साथ केक काटा। वहीं पालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विधायक महोदया ने कहा कि मैंने पिछले वर्ष अम्बेडकर सर्किल के सौंदर्यीकरण का वादा किया था, जो अब पूरा हो गया है। वहीं अम्बेडकर सर्किल के सौदर्यकरण को लेकर राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ शाखा राजगढ की कार्यकारिणी ने विधायक एवं नगरपालिका अध्यक्ष रजिया गहलोत का सौन्दर्यकरण कराने के लिए आभार प्रकट किया।

भोजासर में मनाई अंबेडकर जयंती, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री ने किया संबोधित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, अध्यक्षता झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार ने की।

झुंझुनूं, (निसं)। मंडावा विधानसभा के ठाम भोजासर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती पर डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा अमर शहीद करणीराम को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, अध्यक्षता झुंझुनूं सांसद नरेंद्र कुमार ने की। कार्यक्रम में विषिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, जयदीप गुर्जर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष, अलवर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विश्वेश्वर चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, योगेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष सुशीला सीगड़ा, इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, सुनिल लांबा, जिला मंत्री महावीर ढाका, मंजू सैनी, झुंझुनूं भाजपा ग्रामीण मंडल बहादुरमल स्वामी थे।

कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय मंत्री गुर्जर ने अंबेडकर के जीवन का अनुसरण कर उनके पदचिह्नों पर चलने का आव्हान किया। सांसद नरेंद्र कुमार ने बताया कि बाबा साहेब ने कहा था कि अगर महिला सशक्त है तो समाज सशक्त है। अगर महिला सशक्त नहीं है तो समाज कमजोर है और उन्होंने अपने इस कथन चरितार्थ करते हुए आजादी के बाद भारत में महिलाओं को मताधिकार दिलवाने का कार्य किया। साथ ही बताया कि 1951 में केबिनेट से इस्तीफा देने के बाद बाबा साहेब ने देश के पहले आम चुनाव 1952 लोकसभा का चुनाव लड़ा था। कांग्रेस ने उनके खिलाफ उम्मीदवार उतारा था। प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब के जीवन से जुड़े पंच तीर्थों जन्मस्थली महू, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षा भूमि नागपुर, चैत्य भूमि मुंबई और परिनिर्वाण भूमि दिल्ली का निर्माण करके बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

- भाजपा राष्ट्रीय मंत्री गुर्जर ने अंबेडकर के जीवन का अनुसरण कर उनके पदचिह्नों पर चलने का आव्हान किया

कार्यक्रम में सरपंच बाहदुरवास बृजेश सेवदा, सरपंच शेखसर महेश पूनियां, दिलोई सरपंच सतीश पूनियां, हेतमसर सरपंच प्रतिनिधि अभिमन्यू चौधरी, मौजास सरपंच मुकेश, बीरमी सरपंच छगन, तेतरा सरपंच प्रतिनिधि ताराचंद घोटड, पंचायत समिति सदस्य हनुमान नेमीवाल, हनुमान जांगिड़ पूर्व सरपंच भोजासर, चंदगीराम गवारिया पूर्व पंचायत समिति सदस्य, राधेश्याम पूर्व चेयरमैन मंडावा, जीएसएस अध्यक्ष संजय मील, जीएसएस अध्यक्ष रणवीर खीचड़, जीएसएस अध्यक्ष महावीर मील, जीएसएस अध्यक्ष भवानी पालावत, जीएसएस अध्यक्ष अमित झाझड़िया, इलियास पूर्व सरपंच सिरियासर, इब्राहिम पार्षद मंडावा, अनिल कुल्हरि पंचायत समिति सदस्य, इंद्राज ढाका नूआं मंडल अध्यक्ष, विकास ईशवरवाल भारु मंडल अध्यक्ष, नूआं ठामीण मंडल महामंत्री बजरंग पूनियां सहित सैंकड़ों की संख्या में ठामीण उपस्थित रहे। ग्राम भोजासर के कक्षा 10 व 12वीं के उत्कृष्ट छात्रों व दिव्यांगजनों को सम्मानित किया। मंचस्थ अतिथियों ने भाजपा का दूपट्टा पहनाकर तेतरा सरपंच प्रतिनिधि ताराचंद घोटड व भोजासर के नवयुवक मंडल के राहुल शर्मा, अमित झाझड़िया, मदन सिह करणावत को भाजपा की सदस्यता दिलवाई। मंच संचालन विजय हिंद जालिमपुरा ने किया।

विधायक मोदी का स्वागत किया

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना को जिला बनाने पर का जांगिड़ समाज के लोगो ने विधायक सुरेश मोदी का भव्य स्वागत किया। विधायक मोदी ने कहा कि हमने सर्व समाज एवं नीमकाथाना के हित में कार्य करने का प्रयास किया है। नीमकाथाना जिला बनने से अब रोजगार के अवसर बढ़गे, जल्द ही नीमकाथाना में कलेक्टर और एसपी बैठने लगेगे। सभी समाजों को साथ लेकर जिले बनाने को गति दी है। जिस काम के लिए 100 कि.मी. दूर जाना पडता था वो कार्य अब नीमकाथाना में होगा। नीमकाथाना जिला बनने से विकास की रफ्तार बढ़ेगी। जिला बनाने की मुहिम आंदोलन से रखी मांग पर सभी समाज वर्गो का पुरजोर सहयोग उन्हे मिला है। जिला बनने से नीमकाथाना का विकास होगा एवं नीमकाथाना जिले में आने वाली तहसीलों का भी विकास होगा। इस मौके पर हरिनायाण जांगिड़, पवन लाल जांगिड, जगदीश, मदन जांगिड़, पप्पू जांगिड़, मनोज जांगिड़, राकेश कटारिया, राकेश जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

छात्रावास में बाबा साहेब की जयंती मनाई

सादुलपुर, (निसं)। दलित वर्ग विकास संस्थान छात्रावास में बाबा साहब भारत रत्न, संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132वीं जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई वहीं समस्त उपस्थित कार्यकारिणी द्वारा बाबा साहेब को पुष्पाजंली समर्पित की गई। संस्थान अध्यक्ष एवं सेवानिवृत व्याख्याता सत्यवीर सिंह बागोत ने बताया कि इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष ताराचन्द गोठवाल, महासचिव ओमप्रकाश महरडा, उम्मेद सुणिया प्राध्यापक, सतबीर महरडा, सत्यवीर किरताण ने समानता, समरसता व भाईचारा स्थापित करने पर व छात्रावास प्र गति पर विचार रखे। इसी दौरान नाहरसिंह कालरी, विरेन्द्र सिंह बांगडवा एडवोकेट, माँगेराम मिठडी, माईराम गुगलवा, अशोक खारिया, लोकराम खारिया आदि उपस्थित रहे।

बाबा साहेब की जयंती पर रैली निकाली

बीदासर, (निसं)। भारतरत्न संविधान निर्माता बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती शुक्रवार को कस्बे में डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेवा समिति के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जयंति के उपलक्ष में समिति द्वारा कस्बे की बिलदास की बगीची से कस्बे के मुख्य मार्गो से रैली निकाली गई। बगीची से रैली को प्रधान संतोष मेघवाल व पुलिस उपाधीक्षक प्रहलाद राय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रेगर बस्ती व अन्य स्थानो पर रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। रैली में सैकडो की संख्या मे युवाओं ने भाग लिया। रैली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदासर पहुँचने पर समारोह में बदल गई। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मेघराज गुसाईवाल ने की। तथा मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक प्रहलाद राय थे। विशिष्ठ अतिथि प्रधानाचार्य हेमाराम, नवलकिशोर मीणा, थानाधिकारी जगदीश सिंह, पूनाराम मेघवाल, सरपंच प्रतिनिधि मोहन राम मेघवाल, धर्मचंद लोहिया, नेमाराम मेघवाल, राजेश लोहिया, हेमाराज मीणा, दरिया सिंह थे। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। समारोह में मंचस्थ अतिथियों ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके पद चिन्हो पर चलने का आव्हान किया। तथा समाज में कुरीतियाँ को दुर करने तथा बच्चों को शिक्षित करने का कहा।

देवसेना का प्रदेश सम्मेलन 26 को

झुंझुनूं, (निसं)। देवसेना प्रदेश संगठन महामंत्री बृजमोहन गुर्जर ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि देवसेना का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 26 अप्रेल को सुबह 10 पिंकसिटी प्रेस क्लब नारायण सिंह सर्किल जयपुर में आयोजित होगा। जिसमें संपूर्ण राजस्थान प्रदेश के देव सेना के सैंकड़ों पदाधिकारी भाग लेंगे। देवसेना प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने बताया कि गुर्जर समाज के राष्ट्रीय स्तरीय नेता कार्यक्रम में अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। देवसेना संयोजक नंदलाल कसाना ने बताया कि सम्मेलन में गुर्जर समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक विषय पर चिंतन होगा और समाज की विभिन्न मांगों को राज्य सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। देव सेना के प्रदेश महामंत्री डॉ. बनवारीलाल गुर्जर ने बताया कि राजस्थान के सभी संभागों से देवसेना के प्रदेश जिला तहसील स्तर के पदाधिकारी सम्मेलन में पहुंचेंगे और कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

बाबा साहेब की 132वीं जयंती मनाई

सादुलपुर, (निसं)। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती विधि प्रकोष्ठ जिला कार्यालय सादुलपुर में विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक ओमप्रकाश खीचड एडवोकेट द्वारा मनाई गई। जिसमें किसान मोर्चा महामंत्री कृष्ण भाकर, सुरेश मुदगल, राधेश्याम स्वामी, नवीन सिहाग व अशोक चांगल सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए एडवोकेट खीचड ने बताया कि विश्व के सबसे बडे संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब हमारे प्रेरणा देते हैं कि हमें हर वर्ग व समाज के उत्थान के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। इसी क्रम में सादुलपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें समिति अध्यक्ष गणपत राम ख्यालिया, संचालक अमरसिंह सांगवान, इकबाल चौहान, सुरेन्द्र सिंह, सुनील जोईया, छोटुराम आजाद, धर्मपाल मेघवाल, यूसुफ भाटी व पुरूषोत्तम बैरासरिया आदि उपस्थित थे।

मंत्री ओला व गुढ़ा को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं, (निसं)। परिवहन मंत्री बिजेंद्र ओला व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को झुंझुनूं में एनटीटी संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष अनिल चौधरी और बीवाईएफआई महासचिव झुंझुनूं योगेश कटारिया के नेतृत्व में एनटीटी भर्ती 2018 में तृतीय सूची का संशोधन परिणाम जारी करके नियुक्ति देने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में मांग रखी कि बाहरी राज्य की डिठाीधारियों के लिए विभाग अलग से छाया पद सृजित करें। ज्ञापन देने वाले सुनील चौधरी, योगेश, मनीष शर्मा और नीमा कंवर मौजूद थे।

हथियार के साथ नाबालिक निरुद्ध

सूरजगढ़, (निसं)। थाना इलाका क्षेत्र में हथियार लेकर घूमते हुए नाबालिग युवक को पुलिस ने निरूद्ध किया है। हैड कांस्टेबल सत्यवीर सिंह ने बताया कि डीएसटी टीम व सहायक थानाधिकारी हवासिंह चोपडा ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए घरडू चौराहे पर हथियार लेकर घूमते हुए नाबालिग युवक को निरुद्ध किया है। युवक के कब्जे से हथियार बरामद कर लिया गया है।

गोठवाल को पुरस्कार से सम्मानित किया

सादुलपुर, (निसं)। सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर अंबेडकर जयंती पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा हर वर्ष दिए जाने वाले ड्रा अंबेडकर सामाजिक सेवा पुरस्कार (जिला स्तरीय) 2023 इन्द्रपुरा बिंजावास निवासी लुटाना मगनी प्रधानाध्यापक शिक्षाविद एवं समाजसेवी श्री पवन गोठवाल को दिया गया हर वर्ष सामाजिक अधिकारिता विभाग की तरफ से अंबेडकर जयंती पर यह पुरस्कार दिया जाता है।गोठवाल की इस उपलब्धि शुभचिंतकों ने बधाईयाँ और शुभकामनाएं प्रेषित की।

बाबा साहेब को याद किया

झुंझुनूं, (निसं)। पातुसरी ग्राम पंचायत में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभाध्यक्ष सुमित्रा सिंह के पुत्र राजीव चौधरी उर्फ गुड्डू रहे व हास्य कलाकार अनिल निजामपुरिया ने भी अपनी उपस्थिति दी।